पत्र संख्या / स्था0अराज0 / 2022–23 / 5504 / राज्य कर

कार्यालय आयुक्त,राज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः: दिनांक 17 मार्च,2023

1–समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

2–अपर निदेशक,
राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

....

राज्य कर विभाग के वाणिज्य कर अधिकारी से लेकर अपर आयुक्त ग्रेड–1 तक के स्तर के अधिकारियों को सी0यू0जी0 सिम एवं संयुक्त आयुक्त से लेकर अपर आयुक्त ग्रेड–1 स्तर के अधिकारियों को डाटाकार्ड की सुविधा प्रदान की गई थी। इस योजना की शुरुआत विभाग में भारत संचार निगम लिमिटेड की तंरग योजना के तहत की गई थी। परिक्षेत्रों में इस योजना के लिये आहरण वितरण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। किसी भी अधिकारी के सेवानिवृत्त, विभाग छोड़ने,मृत्यु या सदस्य अधिकरण के पद पर पदोन्नत होने की दशा में सम्बन्धित अधिकारी से सी0यू0जी0 सिम व डाटाकार्ड जमा कराया जाना तथा ऐसे अधिकारी को सिम आंवटित करना जिनके पास सिम उपलब्ध नहीं है, नोडल अधिकारी का कार्यदायित्व था।

कतिपय अनेक मामले मुख्यालय के संज्ञान में आये है जिसमें अधिकारियों के सेवानिवृत्त, विभाग छोड़ने,मृत्यु या सदस्य अधिकरण के पद पर पदोन्नत हो जाने के उपरान्त सी0यू0जी0 सिम का प्रयोग किया जा रहा है। सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी द्वारा सिम नहीं जमा कराया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि तत्काल प्रभाव से अपने जोन के सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित कर दे कि ऐसे अधिकारियों से जो सेवानिवृत्त, विभाग छोड के किस अन्य विभाग में चले गये है, प्रतिनियुक्ति पर है, मृत्यु या सदस्य अधिकरण के पद पर पदोन्त हो गये है के सी0यू0जी0 सिम व डाटाकार्ड अपने कार्यालय में जमा करालें तथा ऐसे अधिकारी जिनके पास सी0यू0जी0 सिम आवंटित नहीं हुआ है, आवंटित कर दें।

सिम व डाटाकार्ड विभाग में न जमा करा पाने की दशा में आहरण वितरण अधिकारी का उत्तर दायित्व निर्धारित करते हुये अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त राज्य कर
प्रभार अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1 संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित की पत्र की प्रति विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

2 उपायुक्त एवं आहरण वितरण अधिकारी, राज्य कर मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित की एल0पी0सी0 तभी जारी करे जब यह सुनिश्चित कर लें कि सम्बन्धित अधिकारी द्वार सी0यू0जी0 सिम व डाटाकार्ड कार्यालय में जमा कर दिया गया है।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त राज्य कर
प्रभार अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।